बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-359
28/07/2021

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर बस हादसे के घटनास्थल पर बिहार सरकार के अधिकारी पहुँचे

- पुलिस अभिरक्षा में बिहार लाया जा रहा है मृतकों का पार्थिव शरीर

पटना 28 जुलाई 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के बाराबंकी में लखनऊ–अयोध्या हाइवे पर हुये बस हादसे के घटनास्थल पर बिहार सरकार के अधिकारी पहुँच गये हैं। इस हादसे में मृत 17 लोगों का पार्थिव शरीर सात एम्बुलेंस के माध्यम से पुलिस की अभिरक्षा में बिहार लाया जा रहा है और उसे मृतकों के घर तक पहुँचाने की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री इस हादसे से मर्माहत हैं और स्थिति पर पूरी नजर बनाये हुये हैं। वे इस मामले का स्वयं लगातार अनुश्रवण कर रहे हैं ताकि मृत लोगों के परिजनों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

******